माध्यमिक अंग्रेज़ी

आपके छात्रों में अंग्रेजी बोलने के आत्मविश्वास का निर्माण करना

भारत में विद्यालय आधारित
समर्थन के माध्यम से
शिक्षक शिक्षा
www.TESS-India.edu.in

CC BY SA
http://creativecommons.org/licenses/

The Open University

UKaid
from the British people

संदेश

शिक्षकों को बाल केंन्द्रित कक्षा अभ्यास की ओर उन्मुख करने तथा शिक्षक प्रशिक्षण की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के उद्देश्यों को सम्मुख रखते हुए TESS-India राष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत है। इस दिशा में TESS-India द्वारा मुक्त शैक्षिक संसाधन (Open Educational Resources) का विकास किया गया है । ये संसाधन शिक्षकों तथा शिक्षक–प्रशिक्षकों के वृत्ति विकास (Professional development) में लाभकारी एवं उपयोगी सिद्ध होंगे। राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद, बिहार के नेतृत्व में इन संसाधनों का स्थानीयकृत किया गया है, जिसके अन्तर्गत इनके उद्देश्य के मूल को बरकरार रखते हुए इनमें स्थानीय, भाषा, बोली, प्रथाओं, संस्कृतियों तथा नियमों को सम्मिलित किया गया है। इनका उपयोग शिक्षण कार्य में सहजता एवं सुगमता पूर्वक किया जा सकता है ।

राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद, बिहार के मार्गदर्शन में TESS-India द्वारा स्थानीय भाषा में तैयार मुक्त शैक्षिक संसाधन (Open Educational Resources) नेट पर आप सभी के लिए सुलभ उपलब्ध है ।

शुभकामनाओं सहित ।

(डॉ0 मुरली मनोहर सिंह)
निदेशक
एस0सी0ई0आर0टी0, बिहार

समीक्षा एवं दिशाबोध
डॉ. मुरली मनोहर सिंह, निदेशक राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार
डॉ. सैयद अब्दुल मोईन, विभागाध्यक्ष, अध्यापक शिक्षा विभाग, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार
डॉ. क़ासिम खुर्शीद, विभागाध्यक्ष, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्
डॉ. इम्तियाज़ आलम, विभागाध्यक्ष, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार
डॉ. स्नेहाशीष दास राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार
डॉ. अर्चना, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार
डॉ. रीता राय, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार
श्री तेज नारायण प्रसाद, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार

स्थानीयकरण
भाषा और शिक्षा
डॉ. ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी, प्राचार्य, मैत्रेय कॉलेज ऑफ एडुकेशन एण्ड मैनेजमेंट, हाजीपुर, वैशाली
श्री सुमन सिंह, प्रखंड साधनसेवी, भगवानपुर हाट, सिवान
श्री कात्यायान कुमार त्रिपाठी, प्राथमिक विद्यालय चैलीटाल, पटना
श्री कृत प्रसाद, प्रखंड साधनसेवी, हिलसा, नालंदा
प्राथमिक अंग्रेज़ी
श्री अरशद रज़ा, सहायक शिक्षक, प्राथमिक विद्यालय, पचासा रहुई, नालंदा
श्री संतोष सुमन, सहायक शिक्षक, बालिका उच्च विद्यालय, महुआबाग
श्री शशि भूषण पाण्डेय, सहायक शिक्षक, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, मुकुन्दपुर, नालंदा
श्रीमती रचना त्रिवेदी, शिक्षिका, नोट्रेडेम अकादमी, पटना
माध्यमिक अंग्रेज़ी
श्री मणिशंकर, प्रधानाध्यापक, तारामणी भगवानसाव उच्च माध्यमिक विद्यालय, कोइलवर, भोजपुर
डॉ. ब्रजेश कुमार, शिक्षक, पी. एन. एंग्लो संस्कृत माध्यमिक विद्यालय, नया टोला, पटना
प्राथमिक गणित
श्री कृष्ण कान्त ठाकुर
श्री दिलीप कुमार, संकुल संसाधन केन्द्र समन्वयक, बुलनी हैदरपुर, नालंदा
श्री गोविन्द प्रसाद, प्रखंड साधनसेवी, चनपटिया, पश्चिमी चम्पारण
माध्यमिक गणित
डॉ. राकेश कुमार, भागलपुर डायट
श्री रिज़वान रिज़वी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सिलौटा चाँद, कैमूर
श्री इन्द्रभूषण कुमार, शिक्षक, सहयोगी माध्यमिक विद्यालय, हाजीपुर, वैशाली
प्राथमिक विज्ञान
श्री मनोज त्रिपाठी, प्रखंड साधनसेवी, बरहारा, भोजपुर
श्री शशिकान्त शर्मा, प्रखंड साधनसेवी, आरा, भोजपुर
श्री रणबीर सिंह, संकुल संसाधन केन्द्र समन्वयक, आदर्श आवासीय मध्य विद्यालय शिक्षक संघ, सहरसा
माध्यमिक विज्ञान
श्री जी.वी.एस.आर प्रसाद
श्री मुकुल कुमार, शिक्षक, सहायक शिक्षक, गोरखनाथ सूर्यदेव माध्यमिक विद्यालय, राजापाकर वैशाली

TESS-India (Teacher Education Through School Based Support) का लक्ष्य है भारत में मुक्त शैक्षिक संसाधनों के द्वारा प्राथमिक और माध्यमिक स्तरों पर शिक्षकों के कक्षा अभ्यासों को बेहतर करना। ये संसाधन शिक्षकों के छात्र–केन्द्रित, भागीदारी दृष्टिकोण को विकसित करने में सहायता करेंगे।

TESS-India के मुक्त शैक्षिक संसाधन (Open Education Resources – OERs) शिक्षकों को स्कूल की पाठ्यपुस्तक के लिए सहायक पुस्तिका प्रदान करते हैं। ये संसाधन शिक्षकों के लिए गतिविधियाँ प्रदान करते हैं जो वे कक्षा में अपने छात्रों के साथ कर सकते हैं। साथ ही इनमें केस स्टडी भी हैं जो ये दर्शाते हैं कि किस प्रकार दूसरे शिक्षकों ने उस विषय को सिखाया है। संबंधित संसाधन शिक्षकों को पाठ योजना बनाने में और विषय पर ज्ञान वर्धन करने में उनकी सहायता करते हैं।

TESS-India के मुक्त शैक्षिक संसाधन भारतीय पाठ्यक्रम और संदर्भों के अनुकूल हैं। ये *भारतीय तथा अतंर्राष्ट्रीय लेखकों के सहयोग से तैयार* किये गये हैं *और ये ऑनलाइन तथा प्रिंट उपयोग के लिए उपलब्ध है (http://www.tess-india.edu.in)* / मुक्त शैक्षिक संसाधन अनेकों संस्करणों में उपलब्ध हैं जो प्रत्येक राज्य के लिए उपयुक्त है जहाँ TESS India कार्यरत है। उपयोगकर्ता इन संसाधनों को अनुकूल और स्थानीयकृत करने के लिए स्वतंत्र हैं ताकि ये स्थानीय आवश्यकताओं और संदर्भों को पूरा कर सकें।

TESS-India मुक्त विश्वविद्यालय, ब्रिटेन के नेतृत्व में तथा ब्रिटेन की सरकार द्वारा वित्त-पोषित है।

वीडियो संसाधन

इस इकाई की कुछ गतिविधियों के साथ निम्न प्रतीक का उपयोग किया गया है: *. इससे संकेत मिलता है कि निर्दिष्ट अध्यापन संबंधी थीम के लिए TESS-India वीडियो संसाधनों को देखना आपके लिए उपयोगी होगा।*

TESS-India वीडियो संसाधन भारत में अनेक प्रकार की कक्षाओं के संदर्भ में मुख्य अध्यापन तकनीकों का वर्णन करते हैं। हमें आशा है कि वे आपको इसी प्रकार के अभ्यासों के साथ प्रयोग करने के लिए प्रेरित करेंगे। उनका उद्देश्य पाठ (टेक्स्ट) पर आधारित इकाइयों के माध्यम से काम करने के आपके अनुभव का पूरक होना और उसे बढ़ाना है।

TESS-India वीडियो संसाधनों को ऑनलाइन देखा या TESS-India की वेबसाइट, http://www.tess-india.edu.in/ से डाउनलोड किया जा सकता है। वैकल्पिक रूप से, आप ये वीडियो सीडी या मेमोरी कार्ड के माध्यम से भी देख सकते हैं।

संस्करण 2.0 SE03v2
Bihar

तृतीय पक्षों की सामग्रियों और अन्यथा कथित को छोड़कर, यह सामग्री क्रिएटिव कॉमन्स एट्रिब्यूशन-शेयरएलाइक लाइसेंस के अंतर्गत उपलब्ध कराई गई है:
http://creativecommons.org/licenses/by-sa/3.0/

TESS-India is led by The Open University UK and funded by UK aid from the UK government

यह इकाई किस बारे में है

मैं जानती हूँ कि मेरे छात्र–छात्राओं को अपनी कक्षाओं में अधिक अंग्रेजी बोलने की जरूरत होती है। लेकिन समस्या यह है कि, उनमें अंग्रेजी में बात करने का आत्मविश्वास ही नहीं है - वे नहीं जानते कि उन्हें क्या कहना है, और वे बहुत सारी गलतियाँ करते हैं। अंग्रेजी में बात करते समय उनमें अधिक आत्मविश्वास जगाने के लिए मैं उनकी मदद कैसे कर सकती हूँ?

बोलना सीखना भाषा की शिक्षा का एक महत्वपूर्ण पहलू है। यह काफी मज़ेदार भी हो सकता है। अधिकांश छात्र–छात्रा अपनी बातचीत में सुधार लाने के लिए प्रेरित रहते हैं क्योंकि वे अच्छी अंग्रेजी बोल सकने के लाभों को जानते हैं, किंतु उनमें धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलने के आत्मविश्वास का अभाव होता है।

इस इकाई में, आपका परिचय उन गतिविधियों से कराया जाएगा जो आप अंग्रेजी बोलते समय आत्मविश्वास बढाने के लिए छात्र–छात्राओं के साथ कर सकते हैं और अंग्रेजी बोलना उनके लिए आसान बना सकते हैं। आप ऐसा निम्न ढंग से कर सकते हैं:

- अपने छात्र–छात्राओं के बारे में अपने ज्ञान का उपयोग करके ऐसे विषय का चुनाव करें जो उन्हें इन्टरेस्टींग लगे
- उन्हें उस विषय के बारे में बात करने के लिए आवश्यक भाषा देकर
- अनुश्रवण करके और फीडबैक (प्रतिपुष्टि) देकर।

इन गतिविधियों में, आप *धाराप्रवाह बोलने पर* न कि सटीकता को प्रोत्साहित करने पर ध्यान देंगे। जब आप धाराप्रवाह बोलने को प्रोत्साहित करते हैं, तब छात्र–छात्रा जो बात कहना चाहते हैं आप उसके अभिप्राय पर ध्यान देते हैं और यह सीखने में उनकी मदद करते हैं कि वे अपने विचारों को कैसे व्यक्त करें। आप इस बात पर ध्यान नहीं देंगे कि उनकी कही गई बात सटीक है या नहीं। हालांकि सटीकता – या व्याकरणीय शुद्धता – का महत्व होता है, किन्तु उसे हर समय आपके शिक्षण का केंद्र नहीं होना चाहिए। वे गतिविधियाँ जो धाराप्रवाह बोलने को प्रोत्साहित करने में विशेष तौर पर उपयोगी होती हैं उनमें कहानियाँ सुनाना और भूमिका निभाना (रोल प्ले) (इस इकाई में प्रस्तुत) तथा साक्षात्कार व चर्चाएं (इकाई *अंगेजी में बोलने का समर्थन करना: जोड़ी और सामूहिक कार्य* में प्रस्तुत) शामिल हैं।

आप इस इकाई में सीख सकते हैं

- उन विषयों पर सरल वार्तालाप गतिविधियाँ तैयार करना जिनमें आपकी कक्षा को दिलचस्पी है।
- किसी घटना का वर्णन करने या कहानी सुनाने जैसी कक्षा की गतिविधियों को तैयार करना और शुरू करना।
- वार्तालाप गतिविधि के बाद अनुश्रवण करना और विद्यार्थियों को फीडबैक (प्रतिपुष्टि) देना जो उनकी भाषा विकसित करने और उनमें आत्मविश्वास जगाने में मदद करे।

1 अपने छात्र–छात्राओं को अंग्रेजी में बोलने के लिए प्रेरित करने के लिए विषयों का चुनाव करना

आपके कई छात्र–छात्रा इस बात पर सहमत होंगे कि अंग्रेजी अच्छी तरह से बोलना उपयोगी है, और वे इस भाषा को सीखने के लिए प्रेरित होंगे। आप अपनी कक्षाओं में बात करने के लिए दिलचस्प विषय प्रदान करके अंग्रेजी सीखने में उनकी रुचि को बढ़ावा दे सकते हैं। यदि छात्र–छात्रा किसी विषय में रुचि लेते हैं और उसके बारे में कुछ कहना चाहते हैं, तो कक्षा में उनके बोलने और सीखने में सक्रिय रूप से भाग लेने की अधिक संभावना है।

गतिविधि 1: उन विषयों का चुनाव करना जिनमें आपके छात्र–छात्राओं को दिलचस्पी है

अपने छात्र–छात्राओं को आप कितनी अच्छी तरह से जानते हैं? आपके विचार में आपके छात्र–छात्राओं को किन विषयों में दिलचस्पी होगी और जिनके बारे में वे बात करना चाहेंगे? उन्हें लिख लें। आप कैसे पता लगा सकते हैं कि उन्हें किन विषयों में दिलचस्पी है?

अपने द्वारा लिखी हुई विषयों की सूची को देखें। क्या ये विषय उन पाठ्य पुस्तकों में हैं जिनका प्रयोग आप अंग्रेजी पढ़ाने के लिए करते/करती हैं?

तालिका 1 कुछ विषय प्रदर्शित करती NCERT textbooks for secondary English। विषयों को पढ़ें और उन्हें नोट करें जिनके बारे में बात करने में आपके विचार में आपकी कक्षा को आनंद आएगा। हो सके तो अपने किसी सहकर्मी के साथ सूची पर चर्चा करें।

तालिका 1 *उन विषयों की सूची जिनमें आपके छात्र–छात्राओं को दिलचस्पी हो सकती है।*

Accidents	Fairs and festivals	Homework
Animals (pets, wild animals, desert animals)	Faith	Memory and forgetting things
Beauty	Friendship and family relationships	Monsoons
Boring or household chores	Fears	Prejudice
Childhood	Flying	Quarrels
Climbing Everest	Flying kites	Success and hard work
Courage	Heroes and heroines (for example, Einstein, Anne Frank, Nelson Mandela)	Traditional stories
Diaries	Historical events	Travel and trips
Different places in India	Hobbies	Tsunami
Disability	Homes	Vanity
Dreams and ambitions		Wedding ceremonies
Education and school		Work and jobs

आप और आपके सहकर्मी उन विषयों के बारे में असहमत हो सकते हैं जिन पर आपके छात्र–छात्रा आपके विचार से बात करना चाहेंगे, लेकिन यह संभव है कि आप महसूस करेंगे कि कुछ विषय अन्य छात्र–छात्राओं की अपेक्षा माध्यमिक छात्र–छात्राओं के लिए अधिक रुचिकर होंगे। यदि आपको लगता है कि आपके छात्र–छात्रा पाठ्य–पुस्तक के विषयों में रुचि नहीं लेगें, तो इस तरह के तरीके मौजूद हैं जिनसे आप इन विषयों का संबंध छात्र–छात्राओं के जीवन से जोड़ सकते हैं और उन्हें उनके लिए अधिक दिलचस्प बना सकते हैं।

निम्नलिखित केस स्टडी में, एक शिक्षक चाहते हैं कि उनके छात्र–छात्रा जितना संभव हो उतना अधिक अंग्रेजी बोलें। वे ऐसा पाठ्यपुस्तक के विषय को अपने छात्र–छात्राओं के जीवन के लिए अधिक प्रासंगिक बनाने के लिए अनुकूलित करके करते हैं।

केस स्टडी 1: श्री रंगनाथ चर्चा के लिए पाठ्यपुस्तक के एक विषय को अपनी आवश्यकता के अनुकूल करते हैं

श्री रंगनाथ कक्षा 9 को अंग्रेजी पढ़ाते हैं। वे ऐसे तरीके सोचने का प्रयास कर रहे हैं जिनसे उनके छात्र–छात्रा कक्षा में अधिक अंग्रेजी बोलें।

पाठ्यपुस्तक के प्रत्येक पठन के बाद बोलने की गतिविधियाँ की जाती हैं। उदाहरण के लिए, Class IX *Beehive* पाठ्य पुस्तक में, पृष्ठ 108 पर एक गतिविधि है जो छात्र–छात्राओं से महिला एथलीटों को सफल होने का सपना देखने के लिए प्रेरित करने वाला एक छोटा सा भाषण तैयार करने को कहती है। मैंने यह गतिविधि आजमाई, किंतु इससे सफलता नहीं मिली। कुछ छात्र–छात्राओं ने केवल पाठ के ही कुछ वाक्यों को अंग्रेजी में पढ़कर सुनाया। अन्य छात्र–छात्राओं ने हिंदी में उस पर चर्चा की। कई लोग चुपचाप बैठे रहे। अधिकांश समय, छात्र–छात्राओं के पास पाठ्यपुस्तक के विषय के बारे में ज्यादा कुछ कहने को नहीं था, और इस प्रकार की गतिविधि उनके लिए कठिन थी। लेकिन मैंने देखा है कि वे कक्षा से पहले और बाद एक–दूसरे से अपने शौक और रुचियों के बारे में बातचीत करते हैं।

मैं उन तरीकों के बारे में सोचने लगा जिनसे मैं पाठ्यपुस्तक के अध्यायों को उनके लिए अधिक दिलचस्प और प्रासंगिक बनाकर उनके बोलने के कौशलों को विकसित कर सकता था। हम अध्याय में टेनिस चैम्पियन के बारे में एक अंश को देख रहे थे Maria Sharapova। मैं जानता हूँ कि मेरे अधिकांश छात्र–छात्राओं ने Maria Sharapova या Wimbledon के बारे में नहीं सुना होगा – वे टेनिस के बारे में वास्तव में ज्यादा कुछ नहीं जानते हैं, इसलिए हो सकता है उन्हें वह पाठ प्रासंगिक न लगे। लेकिन मैं जानता हूँ कि मेरे छात्र–छात्राओं को खेल में दिलचस्पी है, और वे उसके बारे में बात करके आनंदित होते हैं।

इसलिए मैंने सोचा कि मैं खेल के विषय पर एक वार्तालाप गतिविधि को आजमाऊँगा। मैंने अपने छात्र–छात्राओं से अपने पसंदीदा मशहूर खिलाड़ियों का नाम बताने को कहा। फिर मैंने बोर्ड पर कुछ वाक्य लिखे और उनसे वे वाक्य लिखने और उन्हें पूरा करने को कहा:



उसके बाद मैंने छात्र–छात्राओं से चार या पाँच के समूहों में बैठने को कहा। मैंने उनसे अपने उत्तरों की तुलना करने और इस बात पर सहमत होने को कहा कि उनका सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी नायक कौन है। मैंने इस गतिविधि के लिए उन्हें

पाँच मिनट दिए।

जब वे विषय पर चर्चा कर रहे थे, मैं कमरे में घूम रहा था और समूहों की बातें सुन रहा था। कुछ समूह बहुत जोश में थे और पसंदों के बारे में असहमत थे। मैंने उन्हें उनकी चर्चाएं जारी रखने दी।

मैं हमेशा इस बात को प्राथमिकता देता हूँ कि छात्र–छात्रा अंग्रेजी बोलें, और मैं उन्हें ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करता हूँ। लेकिन मैंने इस बात पर अधिक ध्यान नहीं दिया कि वे इस गतिविधि के लिए किस भाषा का उपयोग कर रहे हैं क्योंकि वह किसी बात पर चर्चा करने और एकमत होने से संबंधित थी। यदि वे विषय पर हिंदी में उत्साहपूर्वक चर्चा कर रहे हों तो मैं उनकी प्रेरणा में व्यवधान नहीं डालना चाहता था!

एक समूह कुछ भी बात नहीं कर रहा था। मैंने उनके साथ बैठने और उनकी मदद करने का निश्चय किया। मैंने उनकी नोटबुकों को देखा और कहाः 'Ravi likes Lionel Messi the football player, but Santosh prefers Sachin Tendulkar. Is Messi better than Tendulkar? What do you think?'

एक और समूह में, मैंने देखा कि कुछ छात्र–छात्रा कभी–कभी अपनी स्थानीय भाषाओं का उपयोग कर रहे हैं, और कुछ अंग्रेजी और अपनी स्थानीय भाषाओं को मिश्रित कर रहे हैं। जहाँ ऐसा हो रहा था, वहाँ मैंने शब्दों या वाक्यांशों का अंग्रेजी में अनुवाद करने में उनकी मदद करने का प्रयास किया। उदाहरण के लिए, मैंने उन्हें बताया कि 'चैंपियनशिप' को अंग्रेजी में 'championship' कहा जाता है।

पाँच मिनट बाद मैंने गतिविधि को रोक दिया। मैंने प्रत्येक समूह के एक छात्र से यह बताने के लिए कहा कि महानतम खेल नायक कौन है। फिर मैंने छात्र–छात्राओं से पूछा कि क्या उन्होंने Maria Sharapova का नाम सुना है। उन्होंने यह नाम नहीं सुना था, इसलिए मैंने उनसे पूछा कि क्या वे गेस कर सकते हैं कि वह किस खेल के लिए मशहूर है। छात्र–छात्राओं ने कुछ खेलों का अंदाजा लगाया। फिर मैंने उनसे कहा कि वे अपनी पुस्तकों में पृष्ठ 105 खोलें ताकि हम पाठ्य पुस्तक गतिविधि शुरू कर सकें। उन्होंने वह पाठ पढ़ने में सामान्य से काफी अधिक दिलचस्पी दिखाई।

अब, जब भी मुझे लगता है कि छात्र–छात्राओं के लिए पाठ्य पुस्तक के किसी विषय पर चर्चा करना कठिन है, मैं उसे उनके जीवन और रुचियों से जोड़ने का प्रयत्न करता हूँ। इससे उन्हें अंग्रेजी में बोलने और पाठ्य पुस्तक की गतिविधि से इस ज्ञान को बढ़ाने में मदद मिलती है।

गतिविधि 2: कक्षा में आजमाएं – पाठ्य पुस्तक के किसी विषय को अपने छात्र–छात्राओं के जीवन से जोड़ना

केस स्टडी 1 में, शिक्षक ने पाठ को छात्र–छात्राओं की रुचियों से जोड़कर उसे अधिक समझने–योग्य बनाने का प्रयास किया। अपनी कक्षा में इस तकनीक को आजमाने के लिए निम्न चरणों का अनुसरण करें:

आपकी पाठ्य पुस्तक का अगला विषय क्या है? क्या आप सोचते हैं कि यह वह विषय है जिसके बारे में बात करके आपके छात्र–छात्रा आनंदित होंगे?

यदि ऐसा है, तो उस विषय के बारे में कुछ ऐसे वाक्य लिखें जिन्हें वे पूरा कर सकें। उदाहरण के लिए, यदि विषय है 'wedding ceremonies', तो आप ऐसे कुछ वाक्य लिख सकते हैं:

- 'The last wedding I went to was …'
- 'A good wedding should have …'
- 'The best food at a wedding is …'

यदि विषय उनके बात करने के लिए अधिक कठिन है, तो आप किसी ऐसे विषय के बारे में सोच सकते हैं जो पाठ

से केवल अस्पष्ट रूप से संबंधित हो, किंतु आपके छात्र–छात्राओं के लिए अधिक दिलचस्प हो। उदाहरण के लिए, यदि पाठ किसी ऐसे नायक के बारे में है जिसे आपके छात्र–छात्रा नहीं जानते, तो आप ऐसे कुछ कथन लिख सकते हैं:

- 'My hero is …'
- 'I like this person because …'
- 'This person's greatest achievement is …'

कक्षा में, बोर्ड पर कथन लिखें, और अपने छात्र–छात्राओं से उन्हें पूरा करने को कहें। इसके लिए उन्हें तीन या चार मिनट की समय सीमा दें।

फिर, अपनी कक्षा को चार या पाँच के समूहों में व्यवस्थित करें, और उनसे अपने वाक्यों को एक दूसरे को दिखाने को कहें। उन्हें एक उत्तर पर पहुँचने को कहें। इस कार्य के लिए पाँच मिनट का समय दें।

जब वे इस पर चर्चा करें, तब आप कमरे में घूमें और जिन छात्र–छात्राओं को जरूरत हो उनकी मदद करें। प्रत्येक को जहाँ संभव हो वहाँ अंग्रेजी का उपयोग करने को प्रोत्साहित करें। संसाधन 1 देखें, जो इस गतिविधि को अंग्रेजी में अंजाम देने में आपकी मदद करेगा।

आपको लग सकता है कि किसी ऐसी चीज़ के बारे में बात करना कक्षा के समय का गलत उपयोग है, लेकिन ऐसी गतिविधियाँ बहुत लाभदायक हो सकती हैं क्योंकि वे अंग्रेजी सीखने में छात्र–छात्राओं की रुचि को बढ़ाती हैं और उन्हें उपयोगी भाषा कौशलों का अभ्यास करने का अवसर देती हैं। पाठ्य पुस्तक से परे संसाधनों के बारे में अधिक विचारों, जिनका उपयोग आप अपनी कक्षाओं में चर्चा के बिंदुओं के रूप में कर सकते हैं, के लिए देखें इकाई *पाठ्यपुस्तक से परे संसाधनों का उपयोग करना*।

ज़रा सोचिए

यहाँ इस गतिविधि को आजमाने के बाद आपके विचार करने के लिए कुछ प्रश्न दिए गए हैं। यदि संभव हो, तो इन प्रश्नों की चर्चा किसी सहकर्मी के साथ करें।

- आपके छात्र–छात्राओं ने अंग्रेजी और स्थानीय भाषा का कितना उपयोग किया? अधिक अंग्रेजी का उपयोग करने के लिए आप उन्हें कैसे प्रोत्साहित कर सकते हैं?
- क्या आप ऐसे अन्य विषय सोच सकते हैं जो आपके छात्र–छात्राओं को अंग्रेजी में बोलने की कोशिश करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे?
- क्या आपके सभी छात्र–छात्राओं ने भाग लिया?

अच्छा होगा यदि आपके छात्र–छात्रा इस तरह की गतिविधियों में अंग्रेजी का उपयोग करें। ऐसा करने के लिए आपको उनकी प्रशंसा करनी चाहिए। यदि वे शब्द खोजने के लिए संघर्ष कर रहे हों, तो आप उन्हें अनुवाद की पेशकश कर सकते हैं या उन्हें कुछ उपयोगी वाक्यांश प्रदान कर सकते हैं। लेकिन दूसरी भाषाओं का उपयोग करने के लिए उन्हें निरुत्साहित न करें; मुख्य प्रयोजन उनमें अधिक आत्मविश्वास भरने और अंग्रेजी का उपयोग करने के लिए प्रेरित होने में मदद करना है।

यदि आप अपनी कक्षाओं में चर्चा के लिए अधिक विषयों की तलाश में हैं, तो आप अपने छात्र–छात्राओं से पूछ सकते हैं कि वे किस बारे में बात करना चाहेंगे। आप उन्हें ऊपर तालिका 1 में दिए गए विषयों की सूची दिखा सकते हैं और उनसे जिन विषयों में उन्हें रुचि हो उनके लिए वोट देने को कह सकते हैं।

यदि आपको समूहकार्य गतिविधि स्थापित करने और सभी छात्र–छात्राओं को भाग लेने के लिए तैयार करने में कठिनाई हुई हो तो, संसाधन 2 देखें।

वीडियोः समूह कार्य का उपयोग करना

2 अपने छात्र–छात्राओं को वह भाषा कौशल देना जिनकी उन्हें, विषय के बारे में बात करने के लिए जरूरत है

छात्र–छात्रा कई कारणों से अंग्रेजी में बोलने में कठिनाई का सामना कर सकते हैं। एक और कारण यह हो सकता है कि अंग्रेजी बोलने के लिए आवश्यक भाषा कौशल उनके पास न हो।

कल्पना करें कि आपके छात्र–छात्राओं को निम्नलिखित कार्य दिया गया हैः 'Talk about a time when you were frightened.' इस विषय की ओर वे आकर्षित हो सकते हैं, और अपने सहपाठियों को इस बारे में कहानियाँ सुनाकर आनंदित हो सकते हैं जब वे डर गए हों। तथापि, कहानी सुनाना काफी कठिन होता है – यहाँ तक कि अपनी स्थानीय भाषा में भी। अधिकांश छात्र–छात्राओं को इस प्रकार की गतिविधि के लिए कुछ सहायता की जरुरत पड़ती है, और कुछ छात्र–छात्राओं को औरों से अधिक मदद की जरूरत होती है। उन्हें व्याकरण और शब्दावली दोनों में मदद की जरूरत पड़ती है।

ज़रा सोचिए

- कहानी सुनाने जैसी कोई गतिविधि करने में आप अपने छात्र–छात्राओं की मदद कैसे कर सकते हैं? आप वह व्याकरण और शब्दावली खोजने में उनकी मदद कैसे कर सकते हैं जिसकी उन्हें जरूरत पड़ेगी?
- अपने विचार लिखें और नीचे दी गई सूची से उनकी तुलना करें। यदि कोई विचार आप से छूट गए हों तो उन्हें अपनी सूची में जोड़ें।

निम्नलिखित में से किसी भी तकनीक का उपयोग करके कहानी सुनाने के लिए आवश्यक भाषा से आप छात्र–छात्राओं की सहायता कर सकते हैंः

- आपका मतलब किस प्रकार की कहानी से है इसका प्रदर्शन करने के लिए आप कक्षा को किसी ऐसे दिन के बारे में बता सकते हैं जब आप डर गए थे। विवरण को छोटा रखें, और कहानी को धीरे–धीरे सुनाएं। ऐसे व्याकरण और शब्दावली का उपयोग करें जो आपके विचार से आपके छात्र–छात्रा जानते हैं। कहानी को पहले से तैयार करें।
- कुछ छात्र–छात्राओं से ऐसे कुछ उदाहरण देने को कहें जब वे डर गए थे। यदि आवश्यक हो तो वे यह अपनी स्थानीय भाषा में कर सकते हैं। जब वे बोल रहे हों तब आप बोर्ड पर अंग्रेजी में कुछ मुख्य शब्द लिख सकते हैं।
- बोर्ड पर कुछ उपयोगी वाक्यांश और वाक्य लिखें, उदाहरण के लिएः 'One day, I was …', 'I heard/saw …', 'It was a …', 'I felt very frightened/scared/afraid …', इत्यादि। इन शब्दों और वाक्यांशों को कक्षा से पहले तैयार करें।
- उन्हें याद दिलाएं कि उन्हें भूत काल का प्रयोग करना है, और शीघ्रता से कुछ आम भूत कालों की पुनरावृत्ति कराएं।

- उन्हें उन शब्दों और वाक्यांशों की याद दिलाएं जो कहानी सुनाते समय उपयोगी होते हैं, जैसे अनुक्रमक ('first', 'next', 'then').
- अपनी कक्षा को उनके लिए आवश्यक शब्दों और वाक्यांशों के बारे में सोचने और उन्हें नोट करने के लिए कुछ समय दें। नोट करें कि छात्र–छात्राओं को घटना के बारे में सोचने का समय देना भी उपयोगी होता है। उन्हें उस समय के बारे में सोचने के लिए कुछ समय की जरूरत हो सकती है जब वे डर गए थे।

अब आप ऐसे छात्र–छात्राओं के समूह के बारे में पढ़ेंगे जो अंग्रेजी में कहानी सुनाने का अभ्यास कर रहे हैं। जब आप केस स्टडी 2 पढ़ें, तब इस बारे में सोचें कि शिक्षक/शिक्षिका कैसे उनका समर्थन, और अंग्रेजी भाषा के बारे में उनकी सहायता करता है।

केस स्टडी 2: श्रीमती वसंती कहानी सुनाने में अपने छात्र–छात्राओं की सहायता करती हैं

श्रीमती वसंती एक अंग्रेजी शिक्षिका हैं जो एक ऐसी गतिविधि का वर्णन कर रही हैं जो उन्होंने हाल ही में कक्षा 7 के साथ की थी।

हम अध्ययन कर रहे थे Chapter 2 from the NCERT Class VIII textbook, Honeydew, जिसमें चींटी और झिंगुर के बारे में एक कहानी थी। मेरे छात्र–छात्रा जानवरों के बारे में कई विभिन्न लोक कथाएं जानते हैं, इसलिए मैंने सोचा कि वे अंग्रेजी में कहानी सुनाना सीख सकते हैं। मैंने अपनी बेटी की पसंदीदा कहानियों में से एक का उपयोग करने का निश्चय किया: पंचतंत्र की 'The Snake and the Crows' नामक एक कहानी। {इस कहानी के सरल संस्करण के लिए संसाधन 4 देखें।} यह कहानी काफी सरल है, और अंग्रेजी का स्तर हमारी पाठ्य पुस्तक के स्तर से कम है। लेकिन मेरे कई छात्र–छात्राओं को इन पाठों को पढ़ने में कठिनाई होती है, इसलिए मैं सुनिश्चित करना चाहती थी कि हर कोई समझ सके।

मैंने कहानी की शुरुआत अपनी कक्षा को तीन जानवरों के चित्र दिखाते हुए की: एक साँप, एक कौआ और एक लोमड़ी {चित्र 1}। मुझे ये चित्र अपनी बेटी की कहानी की पुस्तक में मिले।

चित्र 1 एक साँप, एक कौआ और एक लोमड़ी।

मैंने बोर्ड पर एक पेड़ का चित्र बनाया और कौवे के चित्र को पेड़ के शिखर पर चिपका दिया, और साँप को पेड़ के निचले भाग पर चिपका दिया। फिर मैंने वह सरल कहानी सुनाई, और उसे सुनाने के क्रम में प्रश्न भी पूछती गई। यहाँ पर एक उदाहरण है:

Teacher	This is a story about a crow and its wife. They lived at the top of the tree in a nest. What was in the nest? Can you guess? What can we usually find in nests?
Student	Was it egg, ma'am?
Teacher	Yes, that's right. There were eggs in the nest. How many eggs? What do you think? Give me a number.
Students	Three? Two? Six? Four?
Teacher	OK. There were four eggs in the nest. Now, there was a snake at the bottom of the tree.

And this snake was very hungry. What do you think the snake liked to eat?

Student Did it like to eat crows?

Teacher Maybe it did. But this snake *really* liked to eat eggs, and it wanted to eat the crows' eggs that were in the nest. It couldn't eat them because the crows were always there, looking after the eggs. But soon, the crows got hungry, and they left to find some food. What did the snake do? Can you guess?

Student It ate the eggs!

Teacher Yes, that's right! He climbed up the tree and it ate all of the eggs. How do you think the crows felt when they got back to the nest to find that the eggs were gone?

Students They were sad.

Teacher Yes, they were very upset. But after a few weeks, they had more eggs and then they felt happy again.

ढेर सारे प्रश्न पूछकर और चित्रों का उपयोग करते हुए, मैंने समूह को कहानी सुनाई। चूंकि मैंने एक आसान कहानी चुनी थी, अधिकांश छात्र–छात्रा उसे समझ रहे थे। इससे उनमें वह आत्मविश्वास जागा, जिसकी उन्हें जरूरत थी क्योंकि उन्हें जल्द ही स्वयं वह कहानी सुनानी थी। कहानी के समाप्त होने पर, मैंने अपने छात्र–छात्राओं से वही कहानी अंग्रेजी में सुनाने को कहाः एक ने पहली पंक्ति सुनाई, एक अन्य ने दूसरी इत्यादि। जब वे कहानी सुना रहे थे, मैंने मुख्य शब्दों को बोर्ड पर लिखा ('crows', 'nest', 'at the top', 'snake', 'at the bottom', 'upset') और मैंने कुछ मुख्य क्रियाएं भी भूत काल ('lived', 'liked', 'wanted to eat', 'climbed') में लिखीं। मैंने प्रत्येक को याद दिलाया कि कहानियाँ सुनाने के लिए हम भूत काल का प्रयोग करते हैं।

फिर मैंने छात्र–छात्राओं को चार या पाँच के समूहों में रखा। चूंकि हम अक्सर ऐसा करते हैं, वे समूहों में काम करने के अभ्यस्त हैं, इसलिए उन्होंने शीघ्रता से समूह बना लिए। फिर मैंने सबों से एक दूसरे को कहानी सुनाने को कहा। मैंने उनसे कहा कि एक छात्र कहानी शुरू करेगा, अगला उसे जारी रखेगा और इस तरह कहानी आगे बढ़ेगी। समूहों ने कहानी सुनाना शुरू की, और जब वे बोल रहे थे, मैं उसे सुनते हुए कमरे में घूमती रही ताकि सुनिश्चित कर सकूं कि वे काम को समझते हैं और देख सकूं कि वे काम को निभा रहे हैं और अंग्रेजी में बोल रहे हैं। इस गतिविधि के लिए महत्वपूर्ण है कि छात्र–छात्रा अंग्रेजी में बोलने का प्रयास करें और उस शब्दावली का उपयोग करने की कोशिश करें जिससे मैंने कहानी सुनाते समय उन्हें परिचित कराया था।

जब अधिकांश समूहों ने कहानी सुनाना समाप्त कर लिया तब मैंने उन्हें रुकने को कहा, और उनसे पूछाः

Did you tell the story well? Do you think you could do it better now?

अधिकांश छात्र–छात्रा सहमत थे कि वे कहानी को बेहतर ढंग से सुना सकते थे, इसलिए मैंने उनसे दोबारा कहानी सुनाने को कहा। इस बार, मैंने उनसे कहानी के विभिन्न हिस्सों को चुनने को कहा, ताकि जिस व्यक्ति ने पिछली बार कहानी शुरू की थी वह इस बार शुरू न करे।

समूहों ने फिर से कहानी सुनाना शुरू किया और जब वे बोल रहे थे, मैं एक बार फिर कमरे में घूमने लगी, और दो या तीन समूहों को सुना। मैंने देखा कि उन्होंने इस बार बेहतर काम किया था। भाषा के प्रयोग में सुधार हुआ था, और छात्र–छात्रा अधिक शीघ्रता और आत्मविश्वास से बोल सकते थे। वे अधिक धाराप्रवाह बोल रहे थे। उन्होंने, बेशक, कुछ गलतियाँ की थीं, लेकिन मैंने उन्हें बीच में नहीं टोका – मैं बस सुन रही थी। कुछ अधिक उन्नत छात्र–छात्राओं ने

कहानी में कुछ विवरण जोड़ा था।

जब अधिकांश समूह कहानी समाप्त करने को थे, मैंने छात्र–छात्राओं से गतिविधि को रोकने को कहा, और उन्हें बताया कि दूसरी बार कहानी सुनाते समय उन्होंने बेहतर काम किया था। मेरे छात्र–छात्रा खुश थे कि वे मिलकर कहानी सुना सकते थे।

वीडियोः कहानी सुनाना, गीत, रोल प्ले और नाटक

गतिविधि 3: कहानी सुनाने में अपने छात्र–छात्राओं की सहायता करना

कहानियाँ सुनना और सुनाना सभी उम्र और भाषा स्तरों के छात्र–छात्राओं के लिए दिलचस्प हो सकता है। लेकिन आपको ऐसी कहानी चुननी चाहिए जो आपके विचार से आपके छात्र–छात्राओं के लिए दिलचस्प और उनकी अंग्रेजी के स्तर के लिए उचित हो। यदि आप इस प्रकार की गतिविधि अक्सर करते हैं, तो आप क्रमिक रूप से अधिक कठिन पाठों का उपयोग कर सकते हैं।

अपनी कक्षा में ऐसी ही गतिविधि आजमाने के लिए इन चरणों का अनुसरण करें:

1. ऐसी कहानी चुनें जो आप और आपके छात्र–छात्रा सुना सकते हों। कहानी निम्नलिखित में से एक हो सकती है:
    - आप या आपके छात्र–छात्राओं की पसंद की कोई कहानी – सरल कहानियों के उदाहरणों के लिए संसाधन 3 देखें।
    - किसी कहानी या अंश की घटनाएं जिन्हें उन्होंने कक्षा में पढ़ा है। उदाहरण के लिए, वे कल्पना करते हैं कि वे कहानी के एक पात्र हैं और वर्णन करते हैं कि क्या हुआ था।
    - कोई स्थानीय समाचार जो आपकी कक्षा को दिलचस्प लगा हो।
    - किसी फिल्म या टेलिविजन 'सोप' नाटक की कहानी।
    - व्यक्तिगत अनुभव की कोई घटना (उदाहरण के लिए, कोई ऐसा समय जब आप डर गए थे या बहुत खुश हुए थे या मेले, विवाह या पिकनिक का एक दिन)।

कक्षा से पहले, कहानी से संबंधित कोई तस्वीर खोजें। वे कहानी की पुस्तक या पाठ्य पुस्तक की तस्वीरें; किसी पत्रिका या अखबार के चित्र; या किसी घटना, जैसे विवाह या पिकनिक की तस्वीर हो सकती हैं। आप बोर्ड पर कोई चित्र भी बना सकते हैं, या किसी छात्र–छात्रा से चित्र बनाने को कह सकते हैं।

कहानी सुनाने का अभ्यास करें। कहानी सुनाते समय प्रश्न पूछना याद रखें। इन प्रश्नों का भी अभ्यास करें।

2. कक्षा में, कहानी सुनाएं। यदि छात्र–छात्रा पहले से न जानते हों, तो उन्हें सरलता से, धीरे–धीरे कहानी सुनाएं। यदि वे पहले से कहानी जानते हैं, तो और अधिक प्रश्न पूछें ताकि आप और छात्र–छात्रा साथ–साथ कहानी सुना सकें। (इस गतिविधि के लिए आपके लिए आवश्यक हो सकने वाली कक्षा संबंधी भाषा के लिए संसाधन 1 देखें)।

    जब आप कहानी सुनाएं, बोर्ड पर उपयोगी शब्द और वाक्यांश लिखें। अपने छात्र–छात्राओं के स्तर और क्षमता के अनुरूप आप बोर्ड पर लिखी जाने वाली मात्रा को समायोजित कर सकते हैं। जो छात्र–छात्रा अंग्रेजी बोलने

के अभ्यस्त नहीं हैं उन्हें भाषा के संबंध में अधिक सहयोग की जरूरत पड़ सकती है।

3. छात्र–छात्राओं को कुछ ऐसी भाषा सिखायें जिनकी कहानी सुनाते समय स्वयं उनको जरूरत पड़ेगी। यदि कहानी 'A day at a picnic' है, तो आप निम्नलिखित वाक्यांश लिख सकते हैं:

4. अब छात्र–छात्राओं से कहें कि वे स्वयं कहानी सुनाए। उन्हें समूह में बाँटें और अपने समूह के छात्र–छात्राओं को बारी–बारी से कहानी का हिस्सा सुनाने को कहें। याद रखें कि जब सभी समूह एक ही साथ बोलेंगे, तो काफी शोरगुल हो सकता है।

5. जब आपके छात्र–छात्रा कहानियाँ सुना रहे हों, तब आप कमरे में घूमते रहें। कुछ समूहों को सुनें। सुनिश्चित करें कि हर बार जब आप कोई वार्तालाप गतिविधि करें तब भिन्न छात्र–छात्राओं को सुनें, और कमरे के पीछे और सामने वालों को भी सुनें।

जब अधिकांश समूह अपनी कहानियाँ सुना चुकें, तो गतिविधि को समाप्त करें। यदि आपके पास समय हो, तो छात्र–छात्रा अपनी कहानियाँ फिर से सुना सकते हैं। इस बार, प्रत्येक छात्र–छात्रा कहानी का कोई अलग हिस्सा सुना सकते हैं। इससे छात्र–छात्राओं को एक दूसरे की कहानियाँ सुनने की अधिक प्रेरणा मिलेगी।

ज़रा सोचिए

कक्षा में इस गतिविधि को आजमाने के बाद, निम्नलिखित प्रश्नों के बारे में सोचें:

- क्या *प्रत्येक* को अंग्रेजी में बोलने का अवसर मिला?
- सहयोग मिलने पर, क्या छात्र–छात्रा कहानी कहने में सफल रहे? इस गतिविधि को आप अगली बार भिन्न तरीके से कैसे करेंगे?

कुछ छात्र–छात्राओं को कक्षा में बोलकर आनंद मिल सकता है। दूसरों को अधिक बोलने के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत पड़ सकती है। उन लोगों को भी बुलाना सुनिश्चित करें जो शर्मीले हैं। धैर्यवान और प्रोत्साहक बनें, उन्हें अपने शब्द चुनने के लिए समय दें। यदि जरूरत हो तो उन्हें अपनी स्थानीय भाषा का उपयोग करने दें।

यदि आप पाएं कि कुछ छात्र–छात्रा भाग नहीं लेते हैं, तो उन समूहों को जिनमें वे छात्र–छात्रा हैं बदलने से मदद मिल सकती है ताकि कुछ छात्र–छात्रा बोलने में अधिक सहज हो सकें।

अंग्रेजी बोलने में आत्मविश्वास और क्षमता विकसित करने में छात्र–छात्राओं को समय लगेगा। हो सकता है पहली बार करने पर इस इकाई की गतिविधियाँ काम न करें। यदि वे काम नहीं करती हैं, तो दोबारा प्रयास करें। आपके विचार से जो अच्छा हुआ या जो बेहतर हो सकता था अगली बार वार्तालाप गतिविधि करते समय याद रखने के लिए उस पर नोट्स बनाएं।

3 छात्र–छात्राओं को उपयोगी और सकारात्मक फीडबैक (प्रतिपुष्टि) देना

इस इकाई में अब तक आपने छात्र–छात्राओं को बोलते समय अधिक प्रेरित रहने, और अंग्रेजी में अधिक आत्मविश्वास से बोलने में मदद करने की तकनीकों के बारे में सीखा है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि बोलते समय वे गलतियाँ नहीं करेंगे। किसी भी अन्य भाषा को सीखने में समय लगता है, और सीखने का एकमात्र तरीका है नई भाषा का उपयोग करने का प्रयास करना। इसलिए आपकी कक्षा को प्रोत्साहक स्थान बनाना महत्वपूर्ण है – ऐसा स्थान जहाँ आप और आपके छात्र–छात्रा बिना आलोचना के चीजों को करने का प्रयास कर सकते हैं।

केस स्टडी 2 में, आपने एक ऐसी शिक्षिका के बारे में पढ़ा जिसने अपने छात्र–छात्राओं के साथ समूहों में कहानी सुनाने की गतिविधि की। क्या आपने देखा कि शिक्षिका ने निम्नलिखित बातें कही?

> उन्होंने, बेशक, कुछ गलतियाँ की थीं, लेकिन मैंने उन्हें बीच में नहीं टोका, मैं बस सुनती रही।

ज़रा सोचिए

- आपके विचार में शिक्षक/शिक्षिका ने अपने छात्र–छात्राओं को क्यों सही नहीं किया जब वे वार्तालाप गतिविधि कर रहे थे? अपने विचारों को लिखें, और यदि संभव हो तो किसी सहकर्मी के साथ उन पर चर्चा करें।

इस बात का सबूत है कि गलतियों को सुधारने से भाषा सीखने वालों को अधिक सटीकता से बोलने में मदद नहीं मिलती है (एज, 1993)। गलतियाँ करना भाषा को सीखने की प्रक्रिया का हिस्सा है। यदि छात्र –छात्रा अंग्रेजी में धाराप्रवाह बोलने में आत्मविश्वासपूर्ण वक्ता बनना चाहते हैं, तो उन्हें अंग्रेजी का उपयोग करने का अभ्यास करने और उसके साथ प्रयोग करने और गलतियाँ करने की अनुमति देने की जरूरत है। कक्षाओं में ऐसी गतिविधियाँ शामिल करनी चाहिए जिनमें वे बिना रोकटोक या व्यवधान के बोल सकें। भूमिका अभिनय (रोल प्ले) छात्र–छात्राओं में आत्मविश्वास और धाराप्रवाह बोलने का विकास करने की एक अच्छी गतिविधि है।

भूमिका अभिनय (रोल प्ले) गतिविधियाँ युवा छात्र–छात्राओं में विभिन्न सामाजिक परिस्थितियों में बोलने का आत्मविश्वास विकसित करने में मदद कर सकती हैं (नीचे वीडियो देखें)। वे अंग्रेजी भाषा अध्यापन में विशेष रूप से उपयोगी होती हैं, क्योंकि आप उनसे अपने छात्र–छात्राओं के अभ्यास करने के लिए सजीव स्थिति का सृजन कर सकते हैं। प्रत्येक छात्र–छात्रा को एक किरदार दिया जाता है। समूह में अन्य छात्र–छात्राओं के साथ उन्हें एक परिस्थिति का अभिनय ऐसे करना होता है जैसे कि वे वह किरदार हों। उदाहरण के लिए, छात्र –छात्रा किसी चाय की दुकान में ग्राहक और दुकानदार हो सकते हैं (इस इकाई को *अंग्रेजी में बोलने का समर्थनः जोड़ी और सामूहिक कार्य* में संसाधन 1 देखें)। वार्तालाप गतिविधि सबसे बढ़िया तब काम करती है जब छात्र–छात्राओं को अपनी भूमिकाओं को यथासंभव यथार्थ रूप से निभाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, ताकि, उदाहरण के लिए, दुकानदारों को पता न चले कि ग्राहक क्या आर्डर करेंगे।

कोई भूमिका निभाते समय, छात्र–छात्राओं को नई भाषा के साथ प्रयोग करना चाहिए। इसका मतलब है कि वे गलतियाँ करेंगे। इन गतिविधियों पर आपके फीडबैक (प्रतिपुष्टि) से छात्र–छात्राओं को उनकी क्षमता और आत्मविश्वास में सुधार करने में मदद मिलनी चाहिए। केस स्टडी 3 पढ़ें, जिसमें एक अध्यापिका वर्णन करती है कि भूमिका अभिनय गतिविधि के बाद वह अपने छात्र–छात्राओं को फीडबैक (प्रतिपुष्टि) कैसे देती हैं।

केस स्टडी 3: बोलने की गतिविधि पर श्रीमती श्वेता का छात्र–छात्राओं को प्रतिपुष्टि (फीडबैक)

श्रीमती श्वेता एक माध्यमिक अंग्रेजी शिक्षिका हैं जो इस पर विचार कर रही हैं कि एक वार्तालाप गतिविधि के बाद उन्होंने अपने छात्र–छात्राओं को फीडबैक (प्रतिपुष्टि) कैसे दिया।

मेरे कक्षा 10 के छात्र हाल ही में अंश 'Tea from Assam' from Chapter 7 of the NCERT Class X textbook *First Flight* पढ़ते रहे हैं {देखें संसाधन 5}। छात्र–छात्राओं ने चाय के बारे में जानकारी पर चर्चा की थीः दुनियाभर में उसकी लोकप्रियता; सर्वोत्तम चाय और उसे बनाने का तरीका; इसे उगाने और पीने का इतिहास; और इस पेय से संबंधित किंवदंतियाँ।

चाय के बारे में यह अध्याय एक गतिविधि के लिए अच्छी तैयारी थी जिसमें छात्र–छात्रा एक चाय की दुकान में चाय खरीदने और बेचने से संबंधित भूमिका का अभिनय कर सकते थे, इसलिए मैंने कक्षा से कहा कि हम उसके बारे में एक भूमिका अभिनय (रोल प्ले) करने जा रहे हैं।

मैंने सबसे पहले छात्र–छात्राओं से यह कल्पना करने को कहा कि वे चाय की दुकान पर कुछ चाय खरीदना चाहते हैं। मैंने उनसे पूछा कि चाय खरीदने के लिए वे किन वाक्यांशों का उपयोग करेंगे और मैंने उन वाक्यांशों को बोर्ड पर लिखा।



फिर मैंने छात्र–छात्राओं से यह कल्पना करने को कहा कि वे एक चाय की दुकान के मालिक हैं। मैंने उनसे दुकान में जो कुछ वे बेचते हैं उस पर विचार करने और मूल्यों सहित एक मेन्यू लिखने को कहा। ऐसा करने के लिए मैंने उन्हें करीब पाँच मिनट दिए। फिर मैंने उनसे पूछा कि अपनी चीजों को बेचने के लिए वे किन वाक्यांशों का उपयोग करेंगे और उन्हें बोर्ड पर लिखा।



अंत में, मैंने छात्र–छात्राओं को चार के समूहों में रखा। मैंने उन्हें ये अनुदेश दिएः

One pair in the group owns a tea shop, and the other two are customers. The tea shop owners must show their menu to the customers. The customers have 100 rupees to spend – they must spend all of the money.

Customers – buy as much as you can for the best price!

Shop owners – sell as much as you can for the best price!

मैंने समूहों को काम शुरू करने को कहा, और वे दुकानदारों और ग्राहकों की भूमिकाएं निभाने लगे।

मेरे लिए उस समय सभी समूहों को सुनना संभव नहीं था, इसलिए मैंने तीन समूहों पर ध्यान केंद्रित किया। मैं हमेशा सुनिश्चित करती हूँ कि हर बार जब मैं कक्षा में बोलने की गतिविधि करूँ तो छात्र–छात्राओं के भिन्न समूहों पर ध्यान केंद्रित करूँ। जब वे बोल रहे थे, मैं सुन रही थी और उनके द्वारा की गई गलतियाँ नोट कर रही थी। मैंने प्रत्येक गलती को, बेशक, नोट नहीं किया किंतु जो गलतियाँ आम थीं, उनको नोट किया। मैंने उस भाषा पर ध्यान दिया जो हम हालिया अध्यायों में सीख रहे थे। उदाहरण के लिए, इस अध्याय में 'over', 'by' और 'through' जैसे पूर्वसर्गों के प्रयोग से संबंधित अभ्यास हैं। मैंने छात्र–छात्राओं द्वारा प्रयुक्त कुछ अच्छे वाक्यांश भी नोट किए।

लगभग चार मिनट बाद, मैंने हर एक से उनकी भूमिकाएं आपस में बदलने को कहा – यानी, दुकानदार अब ग्राहक थे और ग्राहक दुकानदार। इस बार वे यथार्थ में भूमिका निभा रहे थे और कुछ अच्छे हाव–भाव प्रदर्शित कर रहे थे!

जब उन्होंने काम पूरा कर लिया तब मैंने अपने नोट्स पर नज़र डाली और कक्षा को बताया कि उन्होंने क्या अच्छी तरह से किया है और भाषा के अच्छे उपयोग के कुछ उदाहरण दिए। फिर मैंने गलतियों वाले दस वाक्य बोर्ड पर लिखे। मैंने वे गलतियाँ चुनीं जो कई छात्र–छात्राओं ने की थी, और यह न कहने का ध्यान रखा कि गलतियाँ किसने की थीं, क्योंकि ऐसा करना अपमानजनक हो सकता था। गलतियों वाले वाक्यों के कुछ उदाहरण यहाँ पर प्रस्तुत हैंः



फिर मैंने कहा:



मैंने वाक्यों को सही ढंग से लिखने के लिए प्रत्येक को पाँच मिनट दिए, और फिर उनसे सही मूलपाठ के बारे में पूछा। जब वे सही मूलपाठ पढ़कर सुना रहे थे, मैंने बोर्ड पर वाक्यों को सही किया। ऐसा करने से छात्र–छात्राओं को अपनी गलतियों और व्याकरण के बारे में सोचने में मदद मिलती है, और यह देखने में भी उन्हें मदद मिलती है कि जब वे वार्तालाप गतिविधियाँ करते हैं, तब हम उनकी गलतियाँ सुधारते हैं।

छात्र–छात्राओं के बोलते समय मैं जो नोट्स बनाती हूँ वे मेरे लिए रिकार्ड्स बनाने में भी उपयोगी होते हैं। वार्तालाप गतिविधियों के बाद, मैं जिन छात्र–छात्राओं को सुनती हूँ उनके बारे में नोट्स बनाती हूँ, जिससे मुझे उनकी प्रगति को देखने और उनका आकलन करने में मदद मिलती है।

गतिविधि 4: वार्तालाप गतिविधि के बाद छात्र–छात्राओं को अनुक्रिया देना

केस स्टडी 3 में, छात्र–छात्राओं ने समूहबद्ध होकर एक वार्तालाप गतिविधि की। उन्होंने दुकानदार और ग्राहक की भूमिकाएं निभाईं। जब वे भूमिकाएं निभा रहे थे, शिक्षिका ने कुछ समूहों को सुना और कुछ आम और विशिष्ट गलतियाँ नोट कीं। जब आपके छात्र–छात्रा कोई वार्तालाप गतिविधि कर रहे हों तब आप इस तकनीक का उपयोग कर सकते हैं। इन चरणों का पालन करें:

1. अगली बार जब आपके छात्र–छात्रा समूहों में कोई वार्तालाप गतिविधि करें, तब एक या दो समूहों पर ध्यान दें। सुनिश्चित करें कि हर बार आप भिन्न समूहों और छात्र–छात्राओं का चयन करें।
2. आम और विशिष्ट गलतियों को अपनी नोटबुक में लिखें। याद रखें कि आप सकारात्मक बातें भी लिख सकते हैं, जैसे वे वाक्यांश जिनका उपयोग बहुत अच्छी तरह से किया गया है।

3. गतिविधि के बाद, बोर्ड पर गलतियों वाले अधिकतम दस वाक्य लिखें।
4. छात्र–छात्राओं से कहें कि वाक्यों में गलतियाँ हैं, लेकिन उन्हें यह न बताएं कि वे गलतियाँ क्या हैं। याद रखें कि छात्र–छात्राओं को यह नहीं बताना है कि गलतियाँ किसने की हैं, क्योंकि ऐसा करना उनके लिए अपमानजनक हो सकता है। (इस गतिविधि को करने के लिए आपके लिए आवश्यक कक्षा में प्रयुक्त भाषा के कुछ उदाहरणों के लिए संसाधन 1 देखें।)
5. अपने छात्र–छात्राओं को गलतियों के बारे में व्यक्तिगत रूप से सोचने और उन्हें सही करने के लिए कुछ समय दें।
6. छात्र–छात्राओं से बोर्ड पर मौजूद गलतियों को सही करने के लिए मिलकर काम करने को कहें। सुनिश्चित करें कि आप बोर्ड पर लिखे गए मूलपाठों को सही करें।
7. हमेशा सुनिश्चित करें कि आप अपनी कक्षा को यह भी बताएं कि उन्होंने क्या अच्छा किया है।
8. उन गलतियों को नोट करें जो कई छात्र–छात्रा कर रहे हैं और इस बारे में सोचें कि इस क्षेत्र में सुधार करने में छात्र–छात्राओं की सहायता करने के लिए आप कोई अध्याय कैसे तैयार कर सकते हैं।

ज़रा सोचिए

कक्षा में इस गतिविधि को आजमाने के बाद, सोचें कि इस तरह की गतिविधि आपके छात्र–छात्राओं की शिक्षा को रिकार्ड और उसका आकलन करने में आपकी मदद कैसे कर सकती है।

इस तरह की गतिविधि में बनाए गए आपके नोट्स का उपयोग बोलने में छात्र–छात्राओं के प्रदर्शन के बारे में रिकार्डों के रूप में किया जा सकता है। हर बार जब वे कोई वार्तालाप गतिविधि करें तब भिन्न छात्र–छात्राओं के बारे में नोट्स बनाएं। सोचें कि उन क्षेत्रों में छात्र–छात्राओं की सहायता आप कैसे कर सकते हैं जहाँ उन्हें उसकी जरूरत है। (*रचनात्मक आकलन* के माध्यम से भाषा सीखने का समर्थन करना नामक इकाई देखें।)

याद रखें कि छात्र सकारात्मक फीडबैक (प्रतिपुष्टि) के प्रति भी अनुक्रिया करते हैं। कक्षा में अंग्रेजी का उपयोग करने के लिए उन्हें पुरस्कृत करें। आप अपने छात्र–छात्राओं के नामों की सूची वाला एक चार्ट बना सकते हैं। हर बार जब आपका कोई छात्र–छात्रा कक्षा में कुछ अंग्रेजी बोले, आप उसके नाम के आगे एक सितारा जोड़ सकते हैं।

4. सारांश

किसी अन्य भाषा में बोलना सीखना कठिन होता है और उसके लिए आत्मविश्वास चाहिए, खास तौर पर जब छात्र–छात्रा कहानी सुनाने और भूमिका अभिनय जैसी गतिविधियों में संवाद करना सीख रहे हों। इस इकाई में, आपका परिचय उन तीन तरीकों से कराया गया है जिनसे आप छात्र–छात्राओं में आत्मविश्वास और बोलने की प्रेरणा दे सकते हैं, इसके लिए आप निम्न तकनीक अपना सकते हैं:

- बोलने के लिए दिलचस्प विषय (जो उनके जीवन से संबंधित हों)
- वह भाषा जिसकी उन्हें बोलने की गतिविधियों में भाग लेने के लिए जरूरत है
- वार्तालाप गतिविधियों के बाद सकारात्मक और रचनात्मक फीडबैक (प्रतिपुष्टि)।

इन तकनीकों का उपयोग आपके छात्र–छात्राओं की अंग्रेजी में संवाद करने की क्षमताओं का विकास करने के लिए किसी भी अंग्रेजी भाषा की कक्षा में विविध प्रकार के विषयों में किया जा सकता है।

आगे क्या?

यदि आप अपने वार्तालाप कौशलों का विकास करना चाहते हैं, तो संसाधन 1 देखें। आगे के पठन के लिंक्स के लिए अतिरिक्त संसाधन खंड भी देखें।

5 संसाधन

संसाधन 1: अपनी अंग्रेज़ी का विकास करना

इस इकाई की गतिविधियाँ करने के लिए उपयोगी हो सकने वाले कुछ वाक्यांशों की सूची यहाँ उपलब्ध है।

बोलने में छात्र–छात्राओं की मदद करना

- क्या आपने जो लिखा है उसे कृपा करके पढ़ कर सुना सकते हैं?
- हमें बताएं कि आपने क्या लिखा है।
- क्या मैं आपका वाक्य देख सकता/सकती हूँ?
- मैं आपसे सहमत नहीं हूँ।
- क्या आप उससे सहमत हैं?
- जिस शब्द की आपको तलाश है वह XXX है।
- मेरा खयाल है आपका मतलब XXX से है।

कहानी सुनाना

- क्या आप कहानी सुनना पसंद करेंगे?
- एक दिन, कई वर्ष पहले, वहाँ एक ...
- आपके विचार से आगे क्या हुआ?
- क्या आप अनुमान लगा सकते हैं?
- उसे कैसा महसूस हुआ? आपका क्या विचार है?
- अब आपकी बारी है।

बोलने की गतिविधि के बाद गलतियाँ सुधारना

- आप बहुत अच्छी तरह बोले।
- बोर्ड पर इन वाक्यांशों को देखें।
- उनमें कुछ गलतियाँ हैं।
- वे गलतियाँ क्या हैं?
- इस वाक्य में गलत क्या है?
- इस शब्द में गलत क्या है?
- क्या किसी को सही शब्द पता है?
- क्या कोई सही वाक्य लिख सकता है?

यहाँ स्वयं आपके बोलने के कौशलों का विकास करने के लिए कुछ सुझाव हैं:

- उदाहरण के लिए रेडियो या इंटरनेट पर अधिक–से–अधिक अंग्रेजी सुनें।
- यदि संभव हो तो अंग्रेजी की फिल्में या टीवी प्रोग्राम देखें।
- अंग्रेजी पाठों को ऊँचा पढ़कर स्वयं सुनें। यदि संभव हो, तो अपने आप को रिकार्ड करें और उसे सुनें। फिर इसे दोबारा करें!

आपके सहयोगी या जो कोई भी अंग्रेजी बोलता है उसके साथ बोलने का अभ्यास करें। कदाचित आप एक स्थानीय इंग्लिश क्लब शुरू कर सकते हैं जहाँ आप प्रति सप्ताह एक घंटे के लिए अंग्रेजी में चैट कर सकते हैं?

संसाधन 2: समूहकार्य का उपयोग करना

समूहकार्य एक व्यवस्थित, सक्रिय, सीखने–सिखाने की कार्यनीति है जो छात्र–छात्राओं के छोटे समूहों को एक आम लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मिलकर काम करने के लिए प्रोत्साहित करती है। ये छोटे समूह संरचित गतिविधियों के माध्यम से अधिक सक्रिय और अधिक प्रभावी शिक्षण को प्रोत्साहित करते हैं।

समूहकार्य के लाभ

समूहकार्य छात्र–छात्राओं को सोचने, संवाद कायम करने, विचारों का आदान–प्रदान करने और निर्णय लेने के लिए प्रोत्साहित करके सीखने हेतु उन्हें प्रेरित करने का बहुत ही प्रभावी तरीका हो सकता है। आपके छात्र–छात्रा दूसरों को सिखा सकते हैं और उनसे सीख भी सकते हैं: यह सीखने–सिखाने का शक्तिशाली और सक्रिय स्वरूप है।

समूहकार्य में छात्र–छात्राओं का समूहों में बैठना ही काफी नहीं होता है; इसमें स्पष्ट उद्देश्य के साथ सीखने के साझा कार्य पर काम करना और उसमें योगदान करना शामिल होता है। आपको इस बात को लेकर स्पष्ट होना होगा कि आप पढ़ाई के लिए सामूहिक कार्य का उपयोग क्यों कर रहे हैं और जानना होगा कि यह भाषण देने, जोड़े में कार्य या छात्र–छात्राओं के स्वयं से कार्य करने पर तरजीह देने योग्य क्यों है। इस तरह समूहकार्य को सुनियोजित और उद्देश्यपूर्ण होना आवश्यक है।

समूहकार्य की योजना बनाना

आप समूहकार्य का उपयोग कब और कैसे करेंगे यह इस बात पर निर्भर करेगा कि पाठ के अंत में आप कौन सा शिक्षण पूरा करना चाहते हैं। आप समूहकार्य को पाठ के आरंभ में, अंत में या बीच में शामिल कर सकते हैं, लेकिन आपको पर्याप्त समय का प्रावधान करना होगा। आपको उस कार्य के बारे में जो आप अपने छात्र–छात्राओं से पूरा करवाना चाहते हैं और समूहों को नियोजित करने के सर्वोत्तम ढंग के बारे में सोचना होगा।

एक शिक्षक/शिक्षिका के रूप में, आप समूहकार्य की सफलता सुनिश्चित कर सकते हैं यदि आप निम्न की योजना अग्रिम रूप से बनाते हैं:

- सामूहिक गतिविधि के लक्ष्य और अपेक्षित परिणाम
- किसी भी फीडबैक (प्रतिपुष्टि) या सारांश कार्य सहित, गतिविधि को आबंटित समय
- समूहों को कैसे विभाजित करना है (कितने समूह, प्रत्येक समूह में कितने छात्र–छात्रा, समूहों के लिए मापदंड)
- समूहों को कैसे नियोजित करना है (समूह के विभिन्न सदस्यों की भूमिका, आवश्यक समय, सामग्रियाँ, रिकार्ड करना और रिपोर्ट करना)
- कोई भी आकलन कैसे किया और रिकार्ड किया जाएगा (व्यक्तिगत आकलनों को सामूहिक आकलनों से अलग पहचानने का ध्यान रखें)
- समूहों की गतिविधियों पर आप कैसे निगरानी रखेंगे।

समूहकार्य के काम

वह काम जो आप अपने छात्र–छात्राओं को पूरा करने को कहते हैं वह इस पर निर्भर होता है कि आप उन्हें क्या सिखाना चाहते हैं। समूहकार्य में भाग लेकर, वे एक–दूसरे को सुनने, अपने विचारों को समझाने और आपसी सहयोग से काम करने जैसे कौशल सीखेंगे। तथापि, उनके लिए मुख्य लक्ष्य है जो विषय आप पढ़ा रहे हैं उसके बारे में कुछ सीखना। कार्यों के कुछ उदाहरणों में निम्नलिखित शामिल हो सकते हैं:

- **प्रस्तुतिकरणः** छात्र–छात्रा समूहों में काम करके शेष कक्षा के लिए प्रस्तुतिकरण बनाते हैं। यह सबसे बढ़िया उपयोगी तब होता है जब प्रत्येक समूह के पास विषय का भिन्न पहलू होता है, जिससे वे एक ही विषय को कई बार सुनने की बजाय एक दूसरे को सुनने के लिए प्रेरित होते हैं। प्रत्येक समूह को प्रस्तुत करने के लिए दिए गए समय के विषय में काफी सख्ती बरतें और अच्छे प्रस्तुतिकरण के लिए मापदंडों का एक सेट निश्चित करें। इन्हें पाठ से पहले बोर्ड पर लिखें। छात्र–छात्रा मापदंडों का उपयोग अपने प्रस्तुतिकरण की योजना बनाने और एक दूसरे के काम का आकलन करने के लिए कर सकते हैं। इन मापदंडों में निम्नलिखित बातें शामिल हो सकती हैं:
  - क्या प्रस्तुतिकरण स्पष्ट था?
  - क्या प्रस्तुतिकरण सुसंरचित था?
  - क्या मैंने प्रस्तुतिकरण से कुछ सीखा?
  - क्या प्रस्तुतिकरण ने मुझे सोचने पर मजबूर किया?
- **समस्या को हल करनाः** छात्र–छात्रा किसी समस्या या समस्याओं की एक शृंखला को हल करने के लिए समूहों में काम करते हैं। इसमें शामिल हो सकता है, विज्ञान का कोई प्रयोग करना, गणित की समस्याएं हल करना, अंग्रेजी कहानी या कविता का विश्लेषण करना, या इतिहास के सबूत का विश्लेषण करना।
- **कोई कलाकृति या उत्पाद बनानाः** छात्र समूहों में काम करके किसी कहानी, नाटक के भाग, संगीत के अंश, किसी अवधारणा को समझाने के लिए मॉडल, किसी मुद्दे पर समाचार रिपोर्ट या जानकारी को सारांशित करने या अवधारणा को समझाने के लिए पोस्टर का विकास कर सकते हैं। समूहों को किसी नए विषय के आरंभ में मंथन करने या मस्तिष्क में रूपरेखा बनाने के लिए पाँच मिनट देने से आपको इस बारे में बहुत कुछ जानकारी मिलेगी कि उन्हें पहले से क्या पता है, और आपको पाठ को उपयुक्त स्तर पर स्थापित करने में सहायता मिलेगी।
- **विभेदित कार्यः** समूहकार्य विभिन्न उम्रों या दक्षता स्तरों के छात्र–छात्राओं को किसी उपयुक्त काम पर मिलकर काम करने देने का अवसर है। अधिक दक्षता प्राप्त करने वाले काम को समझाने के अवसर से लाभ उठा सकते हैं, जबकि कम दक्षता प्राप्त करने वालों के लिए कक्षा की अपेक्षा समूह में प्रश्न पूछना अधिक आसान हो सकता है, और वे अपने सहपाठियों से सीखेंगे।
- **चर्चाः** छात्र–छात्रा किसी मुद्दे पर विचार करते हैं और एक निष्कर्ष पर पहुँचते हैं। इसके लिए आपको अपनी ओर से काफी तैयारी करनी होगी ताकि सुनिश्चित हो सके कि विभिन्न विकल्पों पर विचार करने के लिए छात्र–छात्राओं के पास पर्याप्त ज्ञान है, लेकिन चर्चा या विवाद का आयोजन आप और उन के लिए बहुत उपयोगी हो सकता है।

समूहों का नियोजन करना

चार से आठ के समूह आदर्श होते हैं किंतु यह आपकी कक्षा, भौतिक पर्यावरण और फर्नीचर, तथा आपकी कक्षा की दक्षता और उम्र के दायरे पर निर्भर करेगा। आदर्श रूप से समूह में हर एक के लिए एक दूसरे से मिलना, बिना चिल्लाए बात करना और समूह के परिणाम में योगदान करना आवश्यक होगा।

- तय करें कि आप छात्र–छात्राओं को समूहों में कैसे और क्यों विभाजित करेंगे; उदाहरण के लिए, आप समूहों को मित्रता, रुचि या समान अथवा मिश्रित दक्षता के अनुसार बाँट सकते हैं। भिन्न तरीकों से प्रयोग करें और समीक्षा करें कि प्रत्येक कक्षा के लिए क्या सर्वोत्तम है।
- योजना बनाएं कि आप समूह के सदस्यों को कौन सी भूमिकाएं देंगे (उदाहरण के लिए, नोट लेने वाला, प्रवक्ता, टाइम कीपर या उपकरणों का संग्रहकर्ता) और आप इसे कैसे स्पष्ट करेंगे।

समूहकार्य का प्रबंधन करना

आप अच्छे समूहकार्य के प्रबंधन के लिए दिनचर्याएं और नियम तय कर सकते हैं। जब आप नियमित रूप से समूहकार्य का उपयोग करते हैं, तो छात्र–छात्राओं को पता चल जाएगा कि आप क्या अपेक्षा करते हैं और वे इसे आनंददायक पाएंगे। टीमों और समूहों में काम करने के लाभों की पहचान करने के लिए आरंभ में कक्षा के साथ काम करना एक अच्छा विचार है। आपको चर्चा करनी चाहिए कि समूहकार्य में अच्छा व्यवहार क्या होता है और संभव हो तो 'नियमों' की एक सूची बनाएं जिसे प्रदर्शित किया जा सकता है; उदाहरण के लिए, 'एक दूसरे के लिए सम्मान', 'सुनना', 'एक दूसरे की सहायता करना', 'एक से अधिक विचार को आजमाना', आदि।

समूहकार्य के बारे में स्पष्ट मौखिक अनुदेश देना महत्वपूर्ण है जिसे ब्लैकबोर्ड पर संदर्भ के लिए लिखा भी जा सकता है। आपको:

- अपनी योजना के अनुसार अपने छात्र–छात्राओं को उन समूहों की ओर निर्देशित करना होगा जिनमें वे काम करेंगे। ऐसा आप शायद कक्षा में ऐसे स्थानों को निर्दिष्ट करके कर सकते हैं जहाँ वे काम करेंगे या किसी फर्नीचर या स्कूल के बैगों को हटाने के बारे में अनुदेश देकर कर सकते हैं।
- कार्य के बारे में बहुत स्पष्ट होना और उसे बोर्ड पर लघु अनुदेशों या चित्रों के रूप में लिखना चाहिए। अपने शुरू करने से पहले छात्र–छात्राओं को प्रश्न पूछने की अनुमति प्रदान करें।

पाठ के दौरान, यह देखने और जाँच करने के लिए घूमें कि समूह किस तरह से काम कर रहे हैं। यदि वे कार्य से विचलित हो रहे हैं या भटक रहे हैं तो जहाँ जरूरत हो वहाँ सलाह प्रदान करें।

आप कार्य के दौरान समूहों को बदलना चाह सकते हैं। जब आप समूहकार्य के बारे में आत्मविश्वास महसूस करने लगें तब दो तकनीकें आजमाई जा सकती हैं – वे बड़ी कक्षा को प्रबंधित करते समय खास तौर पर उपयोगी होती हैं:

- **'विशेषज्ञ समूह':** प्रत्येक समूह को एक अलग कार्य दें, जैसे विद्युत उत्पन्न करने के एक तरीके पर शोध करना या किसी नाटक के लिए किरदार विकसित करना। एक खास समय के बाद, समूहों को पुनर्गठित करें ताकि प्रत्येक नया समूह सभी मूल समूहों से एक 'विशेषज्ञ' से युक्त हो। फिर उन्हें एक कार्य दें जिसमें सभी विशेषज्ञों के ज्ञान को एकत्र करना होता है, जैसे निश्चय करना कि किस प्रकार का पॉवर स्टेशन बनाना या नाटक का अंश तैयार करना चाहिए।
- **'दूत':** यदि कार्य में कोई चीज बनाना या किसी समस्या को हल करना शामिल है, तो कुछ समय बाद, प्रत्येक समूह से किसी अन्य समूह में एक दूत भेजने को कहें। वे विचारों या समस्या के हलों की तुलना और फिर वापस अपने स्वयं के समूह को सूचित कर सकते हैं। इस प्रकार, समूह एक दूसरे से सीख सकते हैं।

कार्य के अंत में, जो कुछ सीखा गया है उसका सारांश बनाएं और नज़र में आई किसी भी गलती को सुधारें। आप चाहें तो प्रत्येक समूह का फीडबैक (प्रतिपुष्टि) सुन सकते हैं, या केवल एक या दो समूहों से पूछ सकते हैं जिनके पास आपको लगता है कि कुछ अच्छे विचार हैं। छात्र–छात्राओं की रिपोर्ट करने की प्रक्रिया को संक्षिप्त रखें और उन्हें अन्य समूहों के काम पर फीडबैक (प्रतिपुष्टि) देने को प्रोत्साहित करें जिसमें वे पहचान सकते हैं कि क्या अच्छा किया गया था, क्या बात दिलचस्प थी और किस बात को और विकसित किया जा सकता था।

यदि आप अपनी कक्षा में समूहकार्य को अपनाना चाहते हैं तो भी आपको कभी–कभी इसकी योजना कठिन हो सकती है क्योंकि कुछ छात्र–छात्रा:

- सक्रिय शिक्षण का प्रतिरोध करते हैं और उसमें शामिल नहीं होते
- हावी होने वाली प्रकृति के होते हैं
- अंतर्व्यैयक्तिक कौशलों की कमी या आत्मविश्वास के अभाव के कारण भाग नहीं लेते।

सीखने के परिणाम कहाँ तक प्राप्त हुए और आपके छात्र–छात्राओं ने कितनी अच्छी तरह से अनुक्रिया की (क्या वे सभी लाभान्वित हुए) इस पर विचार करने के अलावा, समूहकार्य के प्रबंधन में प्रभावी बनने के लिए उपरोक्त सभी बिंदुओं पर

विचार करना महत्वपूर्ण होता है। सामूहिक कार्य, संसाधनों, समयों या समूहों की रचना में आप द्वारा किए जा सकने वाले समायोजनों पर सावधानी से विचार करें और उनकी योजना बनाएं।

शोध से पता चला है कि छात्र–छात्राओं की उपलब्धि पर सकारात्मक प्रभाव पाने के लिए समूहों में सीखने का हर समय उपयोग करना आवश्यक नहीं है, इसलिए आपको हर पाठ में उसका उपयोग करने के लिए बाध्य महसूस नहीं करना चाहिए। आप चाहें तो समूहकार्य का उपयोग एक पूरक तकनीक के रूप में कर सकते हैं, उदाहरण के लिए विषय परिवर्तन के बीच अंतराल या कक्षा में चर्चा को अकस्मात शुरु करने के साधन के रूप में कर सकते हैं। इसका उपयोग विवाद को हल करने या कक्षा में अनुभवजन्य शिक्षण गतिविधियाँ और समस्या का हल करने के अभ्यास शुरू करने या विषयों की समीक्षा करने के लिए भी किया जा सकता है।

संसाधन 3: 'साँप और कौवे'

> बरगद के एक पेड़ के शिखर पर दो कौवों का एक घोंसला था। पेड़ के निचले भाग में एक साँप रहता था। कौवों ने घोंसले में चार अंडे दिए थे, और वे घोंसले को छोड़ना नहीं चाहते थे। उन्हें भय था कि साँप अंडों को खा जाएगा। अंततः, उन्हें भूख लगी और वे भोजन की तलाश में घोंसले से उड़े।
>
> जब वे घोंसले से दूर चले गए, तब साँप पेड़ पर चढ़ गया और उसने अंडे खा लिए। कौवों को बहुत दुःख हुआ।
>
> कुछ हफ्तों के बाद, उन्होंने अपने घोंसले में चार और अंडे दिए। उन्हें घोंसले को छोड़कर जाने में डर लगता था इसलिए उनसे जब तक संभव था वे वहीं रुके रहे। अंततः, उन्हें भोजन की खोज में वहाँ से जाना पड़ा। एक बार फिर, साँप पेड़ पर चढ़ गया और उसने अंडे खा लिए। कौवे बहुत नाराज़ हुए।
>
> उन्होंने एक लोमड़ी से बात की जिसने उन्हें एक चालाकी भरी योजना बताई। कौवे उड़कर राजा के महल में गए और उन्होंने राजकुमारी का पसंदीदा हार चुरा लिया। वे पहरेदारों के ऊपर से उन्हें हार दिखाते हुए उड़े। पहरेदारों ने पेड़ की ओर जाते कौवों का पीछा किया। कौवों ने हार को साँप के ऊपर गिरा दिया। पहरेदारों ने साँप को मार डाला और हार ले लिया। अब चूंकि साँप मर चुका था, कौवों को अपने घोंसलों को छोड़कर जाने के लिए डरने की जरूरत नहीं थी। वे अब कुछ बच्चे पैदा कर सकते थे।

इन वेबसाइटों पर कई और कहानियाँ पाएं:

- ऐनिमेशन कहानियाँ: http://jingukid.com/videos/animation-stories/
- बच्चों के लिए कहानियाँ: http://mocomi.com/fun/stories/

संसाधन 4: वे तकनीकें जो अपने बल पर कहानियाँ सुनाने में छात्र–छात्राओं की मदद कर सकती हैं

चित्रों का उपयोग करना

चित्र छात्र–छात्राओं से बोलना शुरू करवाने का अच्छा तरीका हो सकते हैं। आप छात्र–छात्राओं को एक चित्र दिखा सकते हैं और उनसे अनुमान लगाने को कह सकते हैं कि क्या हो रहा है, या आप उनका उपयोग छात्र–छात्राओं द्वारा किसी कहानी को समझने में मदद करने के लिए कर सकते हैं। केस स्टडी में, जब कक्षा कहानी सुनाने को तैयार थी तब शिक्षिका ने चित्रों का उपयोग संकेतों के रूप में किया।

बोर्ड का उपयोग करना

शिक्षिका ने मुख्य शब्द और वाक्यांश बोर्ड पर लिखे। जब छात्र–छात्राओं ने समूहों में कहानी सुनाई, तब कम आत्मविश्वास वाले छात्र बोर्ड पर उपलब्ध सहयोग का उपयोग करने में सक्षम थे, और अधिक आत्मविश्वास वाले छात्र–छात्रा यदि वे चाहते तो विभिन्न शब्दों और वाक्यांशों का उपयोग करने में सक्षम थे।

समूहों में काम करना

यदि आप किसी कक्षा से एक या दो व्यक्तियों को कहानी सुनाने को कहते हैं, तो केवल उन्हीं व्यक्तियों को बोलने का अभ्यास होता है। यदि छात्र–छात्रा कहानी सुनाने के लिए समूहों में काम करते हैं, तब प्रत्येक को बोलने का मौका मिलता है। समूहों में कहानी सुनाना खड़े होकर सारी कक्षा से बात कहने से अधिक आसान और कम डरावना है। साथ ही, समूहों में रहने पर छात्र–छात्रा एक दूसरे को फीडबैक (प्रतिपुष्टि) और सहयोग दे सकते हैं।

गतिविधि को दो बार करना

कभी–कभी वार्तालाप गतिविधि को दो बार करना छात्र–छात्राओं के लिए बहुत उपयोगी हो सकता है। पहली बार एक तरह की रिहर्सल होती है और उन्हें इस बात का अभ्यास होता है जो वे कहने जा रहे हैं। दूसरी बार, उनके लिए नई भाषा का उपयोग करना अधिक आसान होगा, और वे अधिक वाक्पटु और आत्मविश्वास से भरे होंगे।

संसाधन 5: 'आसाम की चाय'

Pranjol, a youngster from Assam, is Rajvir's classmate at school in Delhi. Pranjol's father is the manager of a tea-garden in Upper Assam and Pranjol has invited Rajvir to visit his home during the summer vacation.

'*CHAI-GARAM … garam-chai*,' a vendor called out in a high-pitched voice. He came up to their window and asked, '*Chai,* sa'ab?'

'Give us two cups,' Pranjol said.

They sipped the steaming hot liquid. Almost everyone in their compartment was drinking tea too.

'Do you know that over eighty crore cups of tea are drunk every day throughout the world?' Rajvir said.

'Whew!' exclaimed Pranjol. 'Tea really is very popular.'

The train pulled out of the station. Pranjol buried his nose in his detective book again. Rajvir too was an ardent fan of detective stories, but at the moment he was keener on looking at the beautiful scenery. It was green, green everywhere. Rajvir had never seen so much greenery before. Then the soft green paddy fields gave way to tea bushes.

It was a magnificent view. Against the backdrop of densely wooded hills a sea of tea bushes stretched as far as the eye could see. Dwarfing the tiny tea plants were tall sturdy shade-trees and amidst the orderly rows of bushes busily moved doll-like figures. In the distance was an ugly building with smoke billowing out of tall chimneys.

'Hey, a tea-garden!' Rajvir cried excitedly. Pranjol, who had been born and brought up on a plantation, didn't share Rajvir's excitement.

'Oh, this is tea country now,' he said. 'Assam has the largest concentration of plantations in the world.

'You will see enough gardens to last you a lifetime!'

'I have been reading as much as I could about tea,' Rajvir said. 'No one really knows who discovered tea but there are many legends.'

'What legends?'

'Well, there's the one about the Chinese emperor who always boiled water before drinking it. One day a few leaves of the twigs burning under the pot fell into the water giving it a delicious flavour. It is said they were tea leaves.'

'Tell me another!' scoffed Pranjol.

'We have an Indian legend too. Bodhidharma, an ancient Buddhist ascetic, cut off his eyelids because he felt sleepy during meditations. Ten tea plants grew out of the eyelids. The leaves of these plants when put in hot water and drunk banished sleep.

'Tea was first drunk in China,' Rajvir added, 'as far back as 2700 BC! In fact words such as tea, "*chai*" and "*chini*" are from Chinese. Tea came to Europe only in the sixteenth century and was drunk more as medicine than as beverage.'

The train clattered into Mariani junction. The boys collected their luggage and pushed their way to the crowded platform. Pranjol's parents were waiting for them. Soon they were driving towards Dhekiabari, the tea-garden managed by Pranjol's father. An hour later the car veered sharply off the main road. They crossed a cattle-bridge and entered [the] Dhekiabari Tea Estate.

On both sides of the gravel-road were acre upon acre of tea bushes, all neatly pruned to the same height. Groups of tea-pluckers, with bamboo baskets on their backs, wearing plastic aprons, were plucking the newly sprouted leaves. Pranjol's father slowed down to allow a tractor pulling a trailer-load of tea leaves to pass.

'This is the second-flush or sprouting period, isn't it, Mr Barua?' Rajvir asked. 'It lasts from May to July and yields the best tea.'

'You seem to have done your homework before coming,' Pranjol's father said in surprise.

'Yes, Mr Barua,' Rajvir admitted. 'But I hope to learn much more while I'm here.'

(An extract from Chapter 7 of the NCERT Class X textbook, *First Flight*.)

अतिरिक्त संसाधन

अंग्रेजी में बोलने के लिए छात्र–छात्राओं की मदद करने के बारे में लेखों और अंग्रेजी के शिक्षक/शिक्षिकाओं के लिए सुझावों के लिए कुछ लिंक्स यहाँ प्रस्तुत हैं:

- 'Teaching speaking skills 1': http://www.teachingenglish.org.uk/articles/teaching-speaking-skills-1
- 'Getting teenagers talking': http://www.teachingenglish.org.uk/article/getting-teenagers-talking
- 'Reluctant talkers 1': http://www.teachingenglish.org.uk/language-assistant/teaching-tips/reluctant-talkers-1
- 'Reluctant talkers part 2': http://www.teachingenglish.org.uk/language-assistant/teaching-tips/reluctant-talkers-part-2
- 'Speaking for better communication': http://orelt.col.org/module/2-speaking-better-communication

वार्तालाप गतिविधियों में गलतियाँ सुधारने के बारे में एक लेख:

- 'Classroom management: speaking correction techniques': http://www.onestopenglish.com/support/methodology/classroom-management/classroom-management-speaking-correction-techniques/146455.article

वार्तालाप के कौशलों को सुधारने के बारे में बीबीसी की वर्ल्ड सर्विस द्वारा एक सिरीज:

- 'Talk about English: better speaking': http://www.bbc.co.uk/worldservice/learningenglish/webcast/tae_betterspeaking_archive.shtml

कहानी सुनाने के बारे में लेख और वेबसाइट्सः

- 'Storytelling – benefits and tips': http://www.teachingenglish.org.uk/article/storytelling-benefits-tips
- 'Telling a story': http://www.teachingenglish.org.uk/article/telling-a-story-0
- 'Storytelling in the classroom': http://www.storyarts.org/classroom/
- 'Storytelling in the EFL speaking classroom': http://iteslj.org/Techniques/Jianing-Storytelling.html

संदर्भ / संदर्भग्रंथ सूची

BBC Learning English (undated) 'Talk about English: better speaking' (online). Available from: http://www.bbc.co.uk/worldservice/learningenglish/webcast/tae_betterspeaking_archive.shtml (accessed 29 January 2014).

Edge, J. (1993) *Essentials of English Language Teaching*. London: Longman.

Jianing, X. (2007) 'Storytelling in the EFL speaking classroom' (online), The Internet TESL Journal, vol. XIII, no. 11, November. Available from: http://iteslj.org/Techniques/Jianing-Storytelling.html (accessed 29 January 2014).

Jingukid (undated) 'Animation stories' (online). Available from: http://jingukid.com/flash/animation-topics#.UqrX_vRdXdc (accessed 29 January 2014).

Mocomi (undated) 'Stories for kids' (online). Available from: http://mocomi.com/fun/stories/ (accessed 29 January 2014).

Mumford, S. and Darn, S. (2005) 'Classroom management: speaking correction techniques' (online), onestopenglish. Available from: http://www.onestopenglish.com/support/methodology/classroom-management/classroom-management-speaking-correction-techniques/146455.article (accessed 29 January 2014).

National Council of Educational Research and Training (2006a) *Honeydew: Textbook in English for Class VIII*, National Council of Educational Research and Training. Available from: http://www.ncert.nic.in/NCERTS/textbook/textbook.htm (accessed 27 January 2014).

National Council of Educational Research and Training (2006b) *First Flight: Textbook in English for Class X*, National Council of Educational Research and Training. Available from: http://www.ncert.nic.in/NCERTS/textbook/textbook.htm (accessed 27 January 2014).

Story Arts (undated) 'Storytelling in the classroom' (online). Available from: http://www.storyarts.org/classroom/ (accessed 29 January 2014).

TeachingEnglish, http://www.teachingenglish.org.uk/ (accessed 29 January 2014).

अभिस्वीकृतियाँ

तृतीय पक्षों की सामग्रियों और अन्यथा कथित को छोड़कर, यह सामग्री क्रिएटिव कॉमन्स एट्रिब्यूशन–शेयरएलाइक लाइसेंस (http://creativecommons.org/licenses/by-sa/3.0/) के अंतर्गत उपलब्ध कराई गई है। नीचे दी गई सामग्री मालिकाना हक की है तथा लाइसेंस के अंतर्गत ही इस प्रोजेक्ट में उपयोग की गई है, तथा इसका Creative Commons Licence से कोई वास्ता नहीं है। इसका अर्थ यह है कि यह सामग्री अपरिवर्तित रूप से केवल TESS-India

प्रोजेक्ट में ही उपयोग की जा सकती है और यह किसी अनुवर्ती OER संस्करणों में उपयोग नहीं की जा सकती। इसमें TESS-India, OU और UKAID लोगो का उपयोग भी शामिल है।

इस इकाई में सामग्री को पुनः प्रस्तुत करने की अनुमति के लिए निम्न स्रोतों का कृतज्ञतारूपी आभार किया जाता हैः

संसाधन 5: NCERT की कक्षा 10 की पाठ्यपुस्तक *पहली उड़ान* (2006) के अध्याय 7 से लिया गया उद्धरण, http://ncert.nic.in । (Resource 5: extract from Chapter 7 of the NCERT Class X textbook, First Flight, (2006), http://ncert.nic.in.)

कॉपीराइट के स्वामियों से संपर्क करने का हर प्रयास किया गया है। यदि किसी को अनजाने में अनदेखा कर दिया गया है, तो पहला अवसर मिलते ही प्रकाशकों को आवश्यक व्यवस्थाएं करने में हर्ष होगा।

वीडियो (वीडियो स्टिल्स सहित): भारत भर के उन शिक्षक प्रशिक्षकों, प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों और छात्र–छात्राओं के प्रति आभार प्रकट किया जाता है जिन्होंने उत्पादनों में दि ओपन यूनिवर्सिटी के साथ काम किया है।